हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 अगस्त  2026, समय 13:05 (5 मिनट)

**********************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने रिजर्व बैंक को फर्जी और साइबर धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने और जारी करने को कहा है। न्याएयालय ने राज्योंत, केंद्रशासित प्रदेशों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और बैंकों से शिकायत निपटान प्रणाली मजबूत करने धोखाधड़ी की गई धनराशि वापस लाने तथा डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने की प्रक्रिया में सुधार करने को कहा है।

**********************************************************

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए उसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। मौद्रिक नीति समिति के फैसले की घोषणा करते हुए बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि को मजबूत मांग का समर्थन मिल रहा है और यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा, जिसके चलते केंद्रीय बैंक ने वर्ष 2026-27 के लिए अपने वास्तविक सकल घरेलू उत्पाकद की वृद्धि अनुमान को संशोधित करके 6.7 प्रतिशत कर दिया है। गवर्नर ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष प्रमुख व्यापार मार्गों को बाधित करके वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बैंक ने वित्त वर्ष 2027 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अपने अनुमान को पहले के 5.1 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है।

**************************************************************

आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा संगठित अपराधियों, फरार बदमाशों एवं आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस ने 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' शुरू किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, फिरौती, स्नैचिंग, अपहरण, अवैध हथियारों सहित गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें कानून के दायरे में लाना तथा स्वतंत्रता दिवस समारोहों के दौरान प्रदेश में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न इकाइयों द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1 अगस्त से 3 अगस्त, तक मात्र तीन दिनों में 903 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 139 आरोपी इन गंभीर मामलों में सीधे गिरफ्तार किए गए, जबकि 767 अन्य मामलों में गिरफ्तार अपराधी भी इस अभियान के दौरान पकड़े गए। पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री अजय सिंघल ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत प्रदेशभर में 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' विशेष अभियान चलाया गया है, जिसका उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय स्थापित करना तथा आमजन को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, फिरौती, अपहरण, स्नैचिंग और अवैध हथियारों जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

........................................................................................

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने गैस कटर से एटीएम मशीनें काटकर लाखों रुपये चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो बड़ी वारदातों के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।सहायक पुलिस आयुक्त अमन यादव ने बताया कि पहली वारदात 3-4 जुलाई की रात थाना भूपानी क्षेत्र में हुई, जहां हिटाची मनी स्पॉट एटीएम को काटकर 6 लाख 53 हजार रुपये चोरी कर लिए गए थे। दूसरी घटना 26-27 जुलाई की रात थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में हुई, जहां एटीएम से करीब 5 लाख 71 हजार रुपये चोरी किए गए।

************************************************************

आज अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक लाइट दिवस के अवसर पर फरीदाबाद ओमनी रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

************************************************************